## न्यूज डायरी



### प्रतिनिधि सभा की प्राइमरी में जीते भारतीय–अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनॉय से प्रतिनिधि सभा में चुने जाने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज कर ली। कृष्णमूर्ति इलिनॉय की 'आठवीं कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट' से प्रतिनिधि सभा में तीसरे बार चुने जाने के लिए अब नवंबर में अपनी दावेदारी पेश करेंगे। वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। कृष्ष्णमूर्ति ने 80 प्रतिशत मतों के साथ प्राइमरी में जीत हासिल की जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विलियम ओल्सन मात्र 13 प्रतिशत मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। रिपब्लिकन पार्टी का प्राइमरी चुनाव 17 मार्च को होना था जिसे रद्द कर दिया गया है। कृष्णमूर्ति ने एक ईमेल के जरिए अपने समर्थकों से कहा, 'यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे अमेरिकी संसद में एक बार फिर इलिनॉय एट्थ डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने का मौका मिला।'

### फंसे डेढ़ लाख पाकिस्तानी आना चाहते हैं स्वदेश, इमरान खान लेने को तैयार नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। किलर कोरोना वायरस की मार से जूझ रहे पाकिस्तान में हालात और ज्यादा खराब होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में अब तक 495 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं और 3 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वैश्विक संकट की इस घड़ी में दुनियाभर में फंसे करीब डेढ़ लाख पाकिस्तानी लोग स्वदेश वापस आना चाहते हैं लेकिन इमरान खान उन्हें आने दे रहे हैं। इसका खुलासा खुद इमरान खान ने किया है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने शनिवार को कहा कि विदेशों में खासतौर पर कोरोना प्रभावित देशों से करीब डेढ़ लाख पाकिस्तानी स्वदेश वापस आना चाहते हैं लेकिन सरकार के पास उनके लिए सुविधा ही नहीं है। इमरान ने कहा, ऐसी स्थिति में इतनी बड़ी तादाद में विदेशों में रह रहे लोगों को रखने के लिए हमारे पास इतनी सुविधा नहीं है।

### कोरोना का खौफ, यूके में लॉकडाउन का दायरा बढ़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बॉरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस के बढ़ते असर के मद्देनजर देश में पब, बार, रेस्तरां, जिम और दूसरे सार्वजनिक स्थलों को शुक्रवार रात से बंद करने का आदेश दिया। राजधानी लंदन के टेन डाउनिंग स्ट्रीट स्थित अपने आधिकारिक आवास पर डेली ब्रीफिंग के दौरान जॉनसन ने कहा कि नए आदेशों को कठोरता से लागू किया जाएगा और हर महीने स्थिति की समीक्षा की जाएगा। वायरस के संक्रमण से होने वाली कोविड–19 बीमारी के कारण ब्रिटेन में अब तक 177 जानें जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, श्हम आज रात से कैफे, पब, बार, रेस्तरां आदि को सामूहिक तौर पर बंद करने को कह रहे हैं। जितना जल्दी संभव हो, वो बंद कर दें और कल से नहीं खोलें। हां, वो पैकेजिंग सर्विस चला सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, श्इसी तरह हमने नाइटक्लब, थिअटर, सिनेमा, जिम, लीजर सेंटर्स को भी बंद करने को कहा है।

### अमेरिका में एनबीसी न्यूज के पत्रकार की कोरोना वायरस से मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। किलर कोरोना वायरस से जूझ रहे अमेरिकी पत्रकार लैरी एडवर्थ की मौत हो गई है। एनबीसी न्ध्यूज में काम करने वाले लैरी एडवर्थ कोरोना वायरस से संक्रमित थे। एनबीसी न्ध्यूज के चेयरमैन एंड्रू लैक ने इस बात की पुष्टि की है। उन्ध्होंने बताया कि लैरी पहले से बीमार चल रहे थे और इसी बीच कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए। लैक ने बताया कि हाल ही में लैरी ने उपकरणों के कमरे में काम किया था। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिन अकल्पनीय रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। हम सभी यह जानते हैं कि आने वाले समय में और ज्यादा चुनौतियां एवं अनिश्चितता रहेगी। लैरी ने करीब 25 साल तक एनबीसी न्यूज के ऑडियो टेक्नीशियन के रूप में काम किया था। दुनियाभर में कोरोना वायरस के खिलाफ जारी जंग में पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर इस बीमारी के कहर का सामना कर रहे हैं।

# भारत के ऐक्ट ईस्ट सपने पर संकट के काले बादल

**झटका**

## म्यांमार के गृहयुद्ध में सेना को झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रंगून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐक्ट ईस्ट सपने पर म्यांमार में गंभीर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। म्यांमार ने अभी तक भले ही कोरोना के महासंकट का अच्छे से मुकाबला किया है लेकिन उसके पश्चिमी हिस्से में सैन्य स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। यह वही इलाका है जहां पर म्यांमार के विभिन्न गुटों के बीच संघर्ष चल रहा है और भारत तथा चीन के हित जुड़े हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी म्यामांर में स्थित रखाइन और पड़ोसी चिन राज्यों में सैन्य स्थिति लगातार खराब हो रही है। यह वही इलाका है जहां पर चीन का लगातार प्रभाव बढ़ता जा रहा है और इस प्रभाव को कम करने के भारत प्रयासरत है। गत 10 और 11 मार्च को म्यामांर की सेना को इस इलाके में विद्रोही गुट अराकान आर्मी के हाथों अब तक की सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

**म्यामांर की सेना को भारी नुकसान**



आराकान आर्मी के कब्जे में म्यामार की सेना का कमांडर।

अराकान आर्मी लंबे समय से स्वायत्तता देने की मांग कर रही है। माना जाता है कि चीन से उसे हथियारों की मदद भी मिलती है। अराकान आर्मी चीन के प्रॉजेक्ट को अपना समर्थन भी देती है। बताया जा रहा है कि 10 मार्च को म्यामांर की सेना के एक बटालियन ने चिन राज्य के पलेटवा में पैराशूट के जरिए अपने सैनिक उतारे। उसका मकसद पास में ही स्थित एक चौकी पर दबाव बनाना था। यह लड़ाई कलादान नदी पर कब्जे की लड़ाई में बदल गई। इसी नदी के जरिए विद्रोही अपने अड्डे और रखाइन स्टेट में अभियान चलाने के लिए जाते हैं। म्यामांर की सेना का यह दांव उल्टा पड़ गया और अराकान आर्मी ने पैराशूट से कूदे सैनिकों का संपर्क मुख्य सेना से काट दिया। नतीजा यह हुआ कि कम से कम 20 सैनिक मारे गए और 36 को बंदी बना लिया गया है। इसमें म्यामांर की सेना के बटालियन का कमांडर भी शामिल है। यह वर्ष 2015 के बाद म्यामांर की सेना को सबसे बड़ा नुकसान है। इस हार पर मय्यामांर की सेना ने कोई बयान नहीं दिया है लेकिन विद्रोहियों ने तस्वीर जारी करके अपनी जीत के सबूत दिए हैं।

**मिजोरम को समुद्र से जोड़ना चाहता है भारतः** इस हमले से पहले ही म्यामांर की वायुसेना और तोपें लगातार कई गांवों पर हमले कर रही थीं। इसका मकसद विद्रोहियों को कमजोर करना था ताकि सेना वहां आसानी से उतर सके। सेना की हार से भारत के ऐक्ट ईस्ट पॉलिसी को भी तगड़ा झटका लगा है। पश्चिमी म्यामांर में बढ़ते संघर्ष से भारत के म्यामांर के रास्ते मिजोरम को कोलकाता से जोड़ने के प्रयास पर संकट मंडराता नजर आ रहा है। भारत चीन के इस क्षेत्र में प्रभाव को कम करने के लिए कलादान मल्टी–मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रॉजेक्ट चला रहा है।

## किलर कोरोना से जूझ रहे पश्चिमी देश, एशिया से सबक सीखने की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। कोरोना वायरस के कहर से यूरोप और अमेरिका कराह रहे हैं। इटली में तो मरने वालों का आंकड़ा चीन को भी पार कर गया है। कोरोना वायरस से बचाव के लिए पश्चिमी देशों ने लॉकडाउन कर दिया है। इस महासंकट के बीच चीन के बेहद करीब स्थित ताइवान, सिंगापुर जैसे एशिया के कई ऐसे देश हैं जो खुद को काफी हद तक बचाए रखने में सफल हो रहे हैं।

बीबीसी ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों के हवाले से बताया कि इस महासंकट से निपटने के लिए जरूरी है कि बड़े पैमाने पर टेस्ध्ट करें और जो लोग प्रभावित हैं, उन्ध्हें अलग थलग करें। साथ ही लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के लिए प्रोत्साहित करें। इन कदमों को एशिया के साथ–साथ पश्चिमी देशों में भी उठाया गया लेकिन यह उतना तेजी से नहीं उठाया गया जितना तेजी से उठाया जाना चाहिए था। इसी वजह से ताइवान, सिंगापुर और हांगकांग बच गए हैं और इटली, ब्रिटेन, अमेरिका कोरोना से जूझ रहे हैं।

पश्चिमी देश यह समझते रहे कि चीन उनसे बहुत दूर है, उन्ध्हें कुछ नहीं होगा। ताइवान, सिंगापुर ने कोरोना के सामने के तीन दिन के अंदर ही हवाई यात्रियों की जांच शुरू कर दी।



### दुनियाभर में कामबंदी, डब्ल्यूएचओ ने युवाओं को दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। दुनियाभर में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या तेजी के साथ बढ़ने लगी है। इसको देखते हुए शनिवार को विश्व भर में करोड़ों लोगों के लिए सप्ताहांत की शुरुआत कामबंदी और घर में बंद रहने के साथ हुई। इस बीच युवाओं पर इस वायरस के असर को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गंभीर चेतावनी दी है। डब्ल्यूएचओ ने आगाह किया है कि युवाओं के भी इस बीमारी की चपेट में आने की पूरी आशंका है। इस वैश्विक महामारी ने पूरी दुनिया में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

## गलती सुधार रहा चीन, आगाह करने वाले डॉक्टर की फैमिली से मांगी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में घातक कोरोना वायरस से तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 80 हजार संक्रमित हैं। देश को मुश्किल भरे हालात में फंसा देख कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार अपनी गलती सुधारने में जुट गई है। यही वजह है कि कोरोना को लेकर सबसे पहले आगाह करने वाले वुहान के एक अस्पताल के डॉक्टर ली वेनलियांग के परिजनों से माफी मांग ली गई है।

दिसंबर 2019 के आखिर में जब वुहान के अस्पताल में वायरस का पहला मामला सामने आया था, तो व्हिसलब्लोअर वेनलियांग ने ही अपने सहकर्मियों और अन्य

**वेलियांग की कोरोना के चपेट में आने से फरवरी में मौत हो गई थी**

लोगों को चीनी सोशल मीडिया ऐप वीचैट जरिये बताया था कि देश में सार्स जैसे वायरस का पता चला है। वेलियांग की कोरोना के चपेट में आने से फरवरी में मौत हो गई थी।

द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की अनुशासन मामलों की समिति ने माना है कि वेनलियांग मामले में उनकी तरफ से गलती हुई है। आलोचनाओं से घिरी सत्तारूढ़ पार्टी अपना बचाव करते हुए अपना ठिकरा पुलिस पर फोड़ रही है और डॉक्टर को ध् ामकी देने वाले दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, जब स्थानीय प्रशासन को डॉक्टर द्वारा दोस्तों को मेसेज भेजे जाने की नजाकीर मिली तो पुलिस को भेजकर उन्हें धमकी दिलवाई गई थी। उन्हें आगाह किया कि वे अफवाह न फैलाएं और वरना उनपर केस दर्ज किया जाएगा। हालांकि, वेनलियांग की आशंका सही निकली और आज पूरी दुनिया इस घातक कोरोना वायरस की चपेट में हैं। वेनलियांग की मौत के बाद चीन सरकार पर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया था। लोगों को गुस्सा इस बात से भी है कि अगर चीन ने समय रहते डॉक्टर की बात मानी होती तो यह वायरस आज लोगों की जिंदगियां तबाह नहीं कर रहा होता।

### पाकिस्तान में पीआईए की अंतरराष्ट्रीय उड़ान सस्पेंड, करीब 50 ट्रेनों को भी रोका जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 510 हो गई है और यह संख्या ईरान से तीर्थयात्रा कर स्वदेश लौटने के बाद बढ़ी है जिनमें कोरोना की पुष्टि हुई है। इमरान खान सरकार ने कई रेलगाड़ियों के संचालन पर रोक लगाने का फैसला किया है तो वहीं विदेश से आ रहे संक्रमण को रोकने के लिए पाकिस्तन इंटरनैशनल एयरलाइन्स (पीआईए) ने अपनी सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा दी है। पीआईए के प्रवक्ता ने फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार के निर्देश पर सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिलहाल सस्पेंड कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया, यह फैसला 21 मार्च रात 8 बजे से प्रभावित होगा और 28 मार्च को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू की जाएंगी। रेल मंत्री शेख राशिद अहमद ने कहा कि देश में 34 ट्रेनों के संचालन को रमजान के 15वें दिन तक रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि कोरोना वायरस के कारण लोग ट्रेनों में कम सफर कर रहे हैं।